मि.सं. 232/क.च.आ.–म.क्षे./1–2016–भर्ती(चयन)
भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग(मध्य क्षेत्र)

21–23 लाउदर रोड, इलाहाबाद
दिनांक 06.07.2017

नोटिस

विषयः–चयन पद हेतु कम्प्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक 16.07.2017 के संबंध में।

कर्मचारी चयन आयोग(मध्य क्षेत्र), इलाहाबाद के विज्ञापन संख्या CR-01/2016 दिनांक 03.09.2016 द्वारा चयन पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उस विज्ञापन के ग्रेजुएशन तथा पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर की शैक्षणिक योग्यता वाले पदों पर भर्ती हेतु कम्प्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक 16.07.2017(रविवार) को आयोजित किया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालयों से या एक से अधिक पदों की श्रेणी हेतु आवेदन किया गया है, वह कर्मचारी चयन आयोग के संबंधित कार्यालयों द्वारा उन्हें जारी किए गए प्रवेश पत्र के अनुसार किसी भी एक केन्द्र पर परीक्षा में उपस्थित हो सकते है तथा परीक्षा में ऐसे उभय–निष्ठ(Common) अभ्यर्थियों के अंक उन सभी क्षेत्रों में सभी आवेदित (applied) पदो के लिए विचार योग्य होंगे जिनके लिए उन्हें प्रवेश पत्र जारी किया गया है। परीक्षा के प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से 10 दिन पूर्व कर्मचारी चयन आयोग (मध्य क्षेत्र), इलाहाबाद की वेवसाईट www.ssc-cr.org पर उपलब्ध हो जाएगें।

आज्ञा से
क्षेत्रीय निदेशक(म.क्षे.)
06.07.2017